एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# मॉनसून में दिखना है स्टाइलिश, शॉपिंग के वक्त इन टिप्स का रखें ध्यान



मॉनसून सीजन में बारिश से बचने के लिए अपनी जरूरतों के मुताबिक हम बहुत सारी शॉपिंग करते हैं। मसलन छाता, रेनकोट और फुटवेअर। तो अगर आप भी ये सारी शॉपिंग करने जा रहे हैं और चाहते हैं कि आप बारिश में भी स्टाइलिश लगें तो आइए जानते हैं कुछ खास टिप्स। जिन्हें अपनाने के बाद मॉनसून में भी आपका ही स्टाइल हिट रहेगा।

**जिपर-नॉनजिपर परेनकोट:** ऑफिस जाना हो या घर के किसी जरूरी काम से बाहर जाना हो और बारिश हो रही हो। तो ऐसे में रेनकोट का सहारा लेना पड़ता है। ताकि आप बारिश से बचे रहें। ऐसे में आप अपनी पसंद का जिपर या नॉन जिपर प्रिंटेड और प्लेन रेनकोट ले सकते हैं। मार्केट में आपको अपनी पसंद के प्रिंटेड और स्टाइलिश रेनकोट आसानी से मिल जाएंगे।

**रंग-बिरंगे डिजाइनर अंब्रेला :** बारिश से बचने के लिए आप डिजाइनर अंब्रेला यानी कि छाते ले सकते हैं। आजकल मार्केट में नए तरह के छाते मिल रहे हैं। इनमें ग्राफिक्स छाते से लेकर बॉटल वाले छाते खूब पसंद किए जाते हैं। यह काफी अच्छा लुक देते हैं। वहीं डेजी के फूल जैसे ब्राइट कलर्स में मिलने वाले स्टाइलिश छाते भी गजब का लुक देते हैं। ये आपको अपने डिजाइन के चलते फूलों के साए में चलने का अहसास कराते रहेंगे। इसके अलावा आप मल्टी कलर छाता भी ले सकते हैं।

**वॉटरप्रूफ घड़ियां लगाएंगी चार चांद:** अगर आपको घड़ी पहनने का काफी शौक है और बारिश में भी घड़ी कैरी करना चाहते हैं। तो आप वॉटरप्रूफ घड़ी ले सकते हैं। मार्केट में आजकल कई तरह की डिजाइनर घड़ियां हैं जो खास मॉनसून सीजन के लिए ही बनाई जाती हैं। यह दिखने में तो खूबसूरत होती ही हैं। साथ ही आपको और स्टाइलिश भी दिखाती हैं। यानी कि बारिश का मजा तो लेंगे ही आप लेकिन समय भी आपके साथ होगा।

**बारिश के ये खास फुटवेअर:** बारिश के मौसम में फुटवेअर सिलेक्शन को लेकर सभी परेशान रहते हैं। इसका रीजन यह भी होता है कि फुटवेअर खराब न हों और स्टाइलिश भी लगें तो इसके लिए आप कुछ खास तरह की फुटवेयर ले सकते हैं। आप अपनी ड्रेस के साथ मैच करते फ्लिप-फ्लॉप, गमबूट्स, वेजेस और क्रॉक्स खरीद सकते हैं। यह खास बारिश के मौसम को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं। ये जल्दी सूख भी जाते हैं और काफी स्टाइलिश भी लगते हैं।



# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में मदद करता है बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा को आपने किचन में इस्तेमाल होते देखा होगा, मगर इसका इस्तेमाल सिर्फ किचन तक ही सीमित नहीं है। आपको शायद पहले से पता हो, लेकिन बता दें कि बेकिंग सोडा चेहरे की खूबसूरती और स्किन के लिए भी बेहद फायदेमंद है। आइए जानते हैं क्या हैं इसके फायदे-

**चेहरे की रौनक बढ़ाता है:** ग्लोइंग और जवां स्किन कौन नहीं चाहता। पर्याप्त सोना और हेल्दी खाना खाने के बाद भी आपकी स्किन ग्लोइंग रहेगी इसकी गारंटी नहीं है। ऐसे में आपकी स्किन को नैचरल ग्लो देने में बेकिंग सोडा बड़ी भूमिका निभा सकता है। ऑरेंज जूस में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाकर धुलें। हफ्ते में एक बार ऐसा करने से चेहरे का ग्लो बरकरार रहता है।

**कील-मुंहासों से दिलाता है निजात:** बेकिंग सोडा कील-मुंहासों से परेशान लोगों के लिए वरदान साबित हो सकता है। इसे पानी में मिलाने के बाद यह चेहरे पर लगाने के लिए सुरक्षित होता है। बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर मुंहासों वाले हिस्से पर लगाइए और 2-3 मिनट बाद गर्म पानी से धो लीजिए। हफ्ते में दो बार ऐसा करिए और कुछ ही हफ्तों में आपको फायदा दिखने लगेगा।

**डार्क स्पॉट्स को करता है हल्का:** आपके चेहरे पर अगर दाग-धब्बे और पैचेस हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। बेकिंग सोडा इन्हें हल्का करने में आपकी मदद कर सकता है। बेकिंग सोडा में ब्लीचिंग के गुण होते हैं। डार्क स्पॉट हटाने के लिए एक छोटे चम्मच बेकिंग सोडा में आधे नींबू का रस मिलाकर इसे प्रभावित एरिया और फिर पूरे चेहरे पर लगाइए। कुछ देर लगा रहने के बाद धो दीजिए। इसे रात में लगाना ज्यादा उचित होगा।

**ब्लैकहेड्स से दिलाता है छुटकारा:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ब्लैकहेड्स और कील-मुंहासे होना आम बात है। ब्लैकहेड्स चेहरे पर बिल्कुल भी नहीं अच्छे लगते। बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाकर ब्लैकहेड्स पर लगाने से इनसे जल्द निजात मिलती है।

**लिप्स को बनाता है सॉफ्ट और सुंदर:** बेकिंग सोडा आपके लिप्स पर पड़ी पपड़ी को हटाने और उन्हें सुंदर और सॉफ्ट बनाने में बेहद कारगर साबित हो सकता है। लिप्स को सॉफ्ट और सुंदर बनाने के लिए थोड़े से बेकिंग सोडा में शहद लेकर उसे हल्के हाथों से लिप्स पर लगाएं और कुछ देर बाद धुल दें। इससे डेड स्किन सेल्स हट जाएंगी और आपके लिप्स बेहद सॉफ्ट और खूबसूरत नजर आएंगे।


# मैं कई लोगों से प्यार करने में यकीन करती हूं: राधिका आप्टे

अभिनेत्री राधिका आप्टे का कहना है कि वह एक ही समय में ढेर सारे लोगों से विभिन्न स्तरों और कई तरह से प्यार करती हैं. एक बयान में कहा गया कि राधिका ने प्यार के इर्द-गिर्द घूमती अपनी फिलॉसफी के बारे में बीएफएफ्स विद वोग - सीजन 3 के एक एपिसोड में बात की. यह शो कलर्स इन्फिनिटी पर प्रसारित होता है.

जब होस्ट नेहा धूपिया ने राधिका से दूसरों की ओर आकर्षित होने के बारे में पूछा तो अभिनेत्री ने कहा, बेशक आप आकर्षित होंगे. इसके लिए आपको एक्टर होने की जरूरत नहीं है.

उन्होंने कहा, जीवन में, आप ढेर सारे लोगों से मिलते हैं और बहुत सारे अद्भुत लोग हैं और आप उनकी तरफ आकर्षित होते हैं. कभी-कभी यह एक शारीरिक आकर्षण होता है, कभी-कभी यह सिर्फ प्रशंसा व आदर की भावना वाला होता है और यह बहुत जबरदस्त भी हो सकता है और मुझे लगता है कि यह खूबसूरत है. आप जीवन के इस पहलू से क्यों नहीं निपटेंगे.

राधिका ने यह भी साझा किया कि कैसे बड़े होने के साथ किसी के विचार बदल जाते हैं. अभिनेत्री ने कहा, मैं कई लोगों से प्यार करने में यकीन करती हूं. मैं एक समय में ही बहुत से लोगों विभिन्न स्तरों और कई तरह से प्यार करती हूं. जैसे मैं नृत्य और अभिनय से कैसे प्यार कर सकती हूं, मैं आपसे अलग तरह से प्यार क्यों नहीं कर सकती?



इसलिए मैं खुद को सजा नहीं देती या खुद से यह नहीं कहती कि ओह माय गॉड, क्या हुआ. उन्होंने कहा कि बेनेडिक्ट टेलर जैसा पति पाकर वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं.